**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**
**(महारत्न कंपनी)**
**जी.आई.डी.सी. इंडस्ट्रीयल स्टेट, वाघोडिया-391 760, जिला-वडोदरा (गुजरात)**
**फोन- 02668-267340/267341**
**ई-मेल: ssmarathe@gail.co.in अथवा nbp01191@gail.co.in**
**वेबसाइट : www.gailonline.com**
**कॉर्पोरेट पहचान संख्या: L40200DL1984GOI018976**

**विज्ञापन सं.: GAIL/Vaghodia/HR-MS/CONTRACT/01/2020**

# ठेके पर चिकित्सा व्यवसायी की नियुक्ति

**गेल (इंडिया) लिमिटेड** एक महारत्न पीएसयू और भारत की प्रमुख प्राकृतिक गैस कंपनी है, जो प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रसंस्करण, प्रसारण (ट्रांसमिशन), वितरण और विपणन सहित) और इससे संबंधित सेवाओं के सभी पहलुओं को एकीकृत कर रही है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड को नीचे दिए गए पद के विवरण अनुसार, **वाघोडिया एलपीजी रिकवरी प्लांट, जिला - वडोदरा (गुजरात) में व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र** में पूर्णकालिक ड्यूटी के लिए ठेके पर अस्थायी कार्यकाल के लिए नियुक्ति हेतु योग्य और अनुभवी चिकित्सा व्यवसायी की आवश्यकता है : -

| क्र. सं. | भूमिका | अ ना. | अ. जा. | अ. ज. जा. | अ.पि.व. (एनसी एल) | कुल | पीडब्ल्यूडी हेतु निम्नलिखित श्रेणियों में उचित भूमिका की पहचान की गई है |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी | 01 | - | - | - | 01* | ओएच (ओए,ओएल) |

| कार्य संबंधी विशेष विवरण | समेकित मासिक शुल्क |
|---|---|
| पूर्ण इंटर्नशिप के साथ न्यूनतम एमबीबीएस और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकरण तथा सीआईएच/एएफआईएच/डीआईएच में व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र होना चाहिए। | रू. 74,000/- |

जिन श्रेणी / श्रेणियों हेतु पद की पहचान की गई है (उक्त तालिका में दर्शाए गए अनुसार), उनसे संबंधित दिव्यांग व्यक्ति भी आवेदन कर सकते हैं, भले ही विशेष रूप से उनके लिए कोई रिक्त पद आरक्षित न हो। उक्त पद पर ऐसे अभ्यार्थियों की नियुक्ति पर विचार सामान्य मानक योग्यता द्वारा किया जाएगा।

* यह पूर्णत: एक अस्थायी नियुक्ति है। इस पद हेतु ओएम सं.36036/3/2018-ईएसटीटी (आरईएस.) दिनांक 15.05.2018 के माध्यम से भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी अनुदेश लागू होगा।

**न्यूनतम अपेक्षित अनुभव :**

पूर्ण इंटर्नशिप के साथ न्यूनतम एमबीबीएस और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकरण तथा सीआईएच/एएफआईएच/डीआईएच में व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**वेतन एवं अन्य शर्तें :**

1. नियुक्ति पूर्णकालिक, अस्थायी और ठेके पर होगी और नियुक्ति की आरम्भिक अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी, प्रदर्शन के आधार पर नियुक्ति की अवधि को वार्षिक आधार पर बढ़ाया जा सकता है। तथापि, ठेके पर नियुक्ति की अधिकतम अवधि 03 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। एक वर्ष की नियुक्ति के पूर्ण होने के पश्चात सेवाओं के विस्तार पर वेतन वृद्धि दी जाएगी।
2. समेकित मासिक शुल्क **रु. 74,000/-** (चौहत्तर हजार) प्रति माह देय होगी।
3. एक वर्ष की नियुक्ति पूर्ण होने के पश्चात ठेके के विस्तार पर (यदि कोई हो, तो) **रु.2220/-** का वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदान किया जाएगा।
4. विकलांगता और चिकित्सा उपचार सहित किसी भी घटना को कवर करने के लिए रू.12 लाख की राशि की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी की व्यवस्था की जाएगी।
5. स्वयं, पति/पत्नी और दो तत्काल आश्रितों यथा बच्चे तथा/या माता-पिता के इनडोर उपचार हेतु रू. 5.0 लाख राशि की परिवार फ्लोटर बीमा प्रदान की जाती है।
6. स्वयं, पति/पत्नी और दो तत्काल आश्रितों यथा बच्चे तथा/या माता-पिता के ओपीडी व्यय हेतु रू.1,000/- तक की औषधी की लागत प्रति माह गेल अस्पतालों/डिस्पेंसरी द्वारा वहन किया जाएगा।
7. यात्रा अपेक्षित ड्यूटी अथवा अन्य स्थानों पर फील्ड ड्यूटी के लिए प्रतिनियुक्त के मामले में नियमानुसार टीए/डीए भी देय है। पात्रता ई-2 के स्तर का होगा।
8. एक कैलेंडर वर्ष में प्रो-राटा आधार पर 12 आकस्मिक अवकाश (सीएल) और 12 भुगतान अवकाश प्रदान किया जाएगा यथा एक माह में 01 सीएल और 01 भुगतान अवकाश लिया जा सकता है। अतिरिक्त ड्यूटी करने के लिए क्षतिपूर्ति अवकाश प्रदान किया जाएगा। भुगतान अवकाश को ठेके अवधि के भीतर संचित या आगे ले जाया जा सकता है लेकिन आकस्मिक अवकाश को नहीं। महिला चिकित्सा परामर्शदाता को मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार मातृत्व लाभ भी प्रदान किया जाएगा।

**सामान्य अनुदेश :**

1. ठेके की अवधि पदभार ग्रहण करने की तिथि से आरम्भ होगी। चयनित अभ्यार्थी को उक्त नियुक्ति के लिए गेल के साथ एक संविदा पर हस्ताक्षर करना होगा।
2. नियुक्ति की निर्धारित अवधि पूर्ण होने से पूर्व इसे समाप्त करने पर ठेके की नियुक्ति की समाप्ति के लिए किसी एक पक्ष की ओर से 30 दिन की पूर्व सूचना अवधि अपेक्षित होगी।
3. चयनित अभ्यार्थी को ठेके पर चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने की विशेषता के आधार पर गेल में नियमित नियुक्ति के लिए दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
4. अभ्यार्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसके लिए निर्धारित आवश्यक पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं। चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में या नियुक्ति के पश्चात भी यदि यह पाया जाता है कि अभ्यार्थी ने झूठी या गलत जानकारी दी है या किसी प्रासंगिक जानकारी/तथ्यों को छिपाया है या आवश्यक पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उसकी अभ्यर्थिता/करार/सेवा सूचना के बिना अस्वीकृति/समाप्ति के लिए उत्तरदायी होगी।
5. वर्तमान में केंद्र/राज्य सरकार के विभाग, केंद्रीय/राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या अर्ध सरकारी संगठन में कार्यरत अभ्यार्थी या तो **उचित चैनल** के माध्यम से अपने आवेदन को अग्रेषित करें या साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **एनओसी** प्रस्तुत करेंगे।

6. गेल के पास, आगे किसी भी सूचना के बिना अथवा कोई कारण बताए बिना उक्त पद को भरने या नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द करने/प्रतिबंधित करने/बढ़ाने/संशोधित करने/बदलने का अधिकार सुरक्षित है ।
7. निर्धारित योग्यता/अनुभव न्यूनतम है और केवल उसके आधार पर किसी भी अभ्यार्थी को चयन प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार प्राप्त नहीं होता है । इस संबंध में गेल का निर्णय अंतिम होगा ।
8. शुद्धिपत्र/परिवर्तन/अद्यतन सहित कोई महत्वपूर्ण सूचना और चयनित अभ्यार्थी से संबंधित सूचना तथा नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सामान्य अनुदेश वेबसाइट के माध्यम से अथवा अभ्यार्थी द्वारा प्रदान की गई ई-मेल आईडी पर उपलब्ध कराए जाएंगे । इसलिए अभ्यार्थी एक वैध ई-मेल आईडी प्रदान कर सकते हैं और इसे न्यूनतम एक वर्ष तक सक्रिय रखें, साथ ही अपडेट के लिए वेबसाइट देख सकते हैं ।
9. आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रचार उसकी अभ्यर्थिता को रद्द कर देगा । इस विज्ञापन के पक्ष में नियुक्ति के संबंध में कोई भी विवाद केवल झाबुआ (म.प्र.) न्यायालय के क्षेत्राधिकार के भीतर ही निपटाया जाएगा ।
10. पद के लिए आवेदन करने हेतु अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

**आवेदन करने की प्रक्रिया :**

इच्छुक और योग्य अभ्यार्थी संलग्न आवेदन प्रारूप को डाउनलोड करें और इसे विधिवत रूप से भरकर और हस्ताक्षर कर पंजीकृत/स्पीड पोस्ट या ईमेल (ssmarathe@gail.co.in एवं nbp01191@gail.co.in) के माध्यम से **श्री संजय मराठे, वरिष्ठ प्रबंधक (मा.संसा.), गेल (इंडिया) लिमिटेड, एलपीजी रिकवरी प्लांट, जीआईडीसी औद्योगिक स्टेट, वाघोडिया, जिला- वडोदरा (गुजरात), पिन कोड - 391 760** को भेजे । अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन के साथ निम्न निर्देशित अनुसार सभी संबंधित प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी का एक सेट और 2 पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ भेजना अपेक्षित है ।

(i) योग्यता के संबंध में सभी प्रमाण पत्र/प्रशंसापत्र (मैट्रिक से आरम्भ करते हुए सभी सेमेस्टर/वर्ष-वार मार्क शीट, डिग्री और डिप्लोमा प्रमाण पत्र) ।
(ii) मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया या राज्य मेडिकल काउंसिल के साथ पंजीकरण का प्रमाण पत्र और इंटर्नशिप पूरा करने का प्रमाण पत्र ।
(iii) आवेदन पत्र में अभ्यार्थी द्वारा उल्लेखित अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी किए गए पूर्ण और उचित अनुभव प्रमाण पत्र/दस्तावेज ।
(iv) यदि अभ्यार्थी केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभाग, केंद्रीय/राज्य के सार्वजनिक उपक्रम या अर्ध सरकारी संगठन में कार्यरत है, तो नियोक्ता से एनओसी/अग्रेषण पत्र ।
(v) अभ्यार्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उक्त उल्लिखित सभी दस्तावेज प्रस्तुत करें । निर्धारित अवधि के भीतर उक्त वर्णित किसी भी अपेक्षित दस्तावेज को प्रस्तुत करने में अभ्यार्थियों की विफलता की स्थिति में, ऐसे अभ्यार्थी की अभ्यर्थिता को अस्वीकार कर दिया जाएगा ।

**उक्त अपेक्षित दस्तावेजों के साथ विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र इस विज्ञापन के प्रकाशन से 15 दिनों के भीतर उक्त पते पर पहुंचना चाहिए ।**

चयनित अभ्यार्थियों को सुविधाजनक तिथि पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा । किसी भी प्रश्न के लिए, अभ्यार्थी **श्री संजय मराठे, वरिष्ठ प्रबंधक (मा.संसा.), गेल (इंडिया) लिमिटेड, वाघोडिया, जिला - वडोदरा (गुजरात) - 391 760 मोबाइल नंबर 9427981778** से संपर्क कर सकते हैं ।

| हाल ही के पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं Affix Recent Passport Size Photograph |
|---|

**विज्ञापन सं. Advt. No.:**

आवेदित पद Post Applied For:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अभ्यार्थी का नाम Name of the candidate | |
| 2 | राष्ट्रीयता Nationality | |
| 3 | पिता का नाम Father's Name | |
| 4 | माता का नाम Mother's Name | |
| 5 | जन्म तिथि Date of Birth | |
| 6 | श्रेणी : (सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व) Category : (General / SC / ST / OBC) | |
| 7 | **डाक पता Mailing address:** | |
| 8 | मकान सं. House No. & | |
| 9 | स्ट्रीट एरिया Street Area | |
| 10 | पिन के साथ शहर/नगर City / Town with Pin | |
| 11 | कोड जिला Code District | |
| 12 | टेलीफोन सं. Telephone No. | |
| 13 | मोबाइल न. Mobile No. | |
| 14 | ई-मेल पता E-mail address | |

**योग्यता Qualification:**

| **क्र.सं. Sl. No.** | **उत्तीर्ण परीक्षा Exam Passed** | **विश्वविद्यालय University** | **उत्तीर्ण वर्ष Year of passing** | **क्लास/डिविजन Class/Division** | **अंक का प्रतिशत Percentage of Marks** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**मेडिकल काउंसिल पंजीकरण संख्या और स्थान Medical Council Registration No. & Place:**

| |
|---|
| |

**अनुभव EXPERIENCE**:

| **क्र.सं. Sl. No.** | **संगठन Organization** | **पदनाम Post Held** | **अवधि Period** | | **अंतिम आहरित वेतन Last Pay drawn** | **ड्यूटी का प्रकार Nature of duties performed** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **से From** | **तक To** | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उक्त जानकारी सही है और सहायक दस्तावेज संलग्न हैं।

I certify that the above information is correct and supporting documents are enclosed.

**स्थान PLACE:** **हस्ताक्षर SIGNATURE:**

**तिथि DATE:** **नाम NAME:**